समाचार

कलेक्टर ने संभाला निगम प्रशासक का कार्यभार

कोरबा 10 जनवरी 2025 – कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत पहुंचकर निगम के प्रशासक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कलेक्टर श्री वसंत के निगम कार्यालय पहुंचने पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कलेक्टर श्री वसंत ने निगम के प्रशासनिक भवन स्थित प्रशासक कक्ष में कार्यभार ग्रहण से संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये तथा प्रशासक का दायित्व संभाला। इस मौके पर एस.डी.एम. श्री सरोज कुमार महिलांगे, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

05 आश्रितों को प्रदान किया अनुकम्पा नियुक्ति आदेश – कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम प्रशासक का पदभार संभालने के पश्चात 05 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति का आदेश प्रदान किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होने प्रीतम सिंह सूर्यवंशी, जयचंद सारथी, धनेश्वर कुमार चन्द्रा, गोविंद नायक, नीरज कुमार इन सभी आश्रितों को भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति आदेश पत्र प्रदान करते हुए उन्हें पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने को कहा।

निगम के विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण – प्रशासक का कार्यभ्रार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ निगम के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होने निगम की स्थापना, लेखा, निर्माण, स्टेशनरी, जनसंपर्क, भवन निर्माण

अनुज्ञा, आरटीआई, राजस्व, संपदा, सम्पत्तिकर, योजना, जन्म–मृत्यु पंजीयन, स्वच्छता, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय, डाटा सेंटर, जल प्रदाय, भण्डार, विद्युत, उद्यान, इंजीनियरिंग विभाग, एम.आई.सी.कक्ष सहित विभिन्न विभागों, शाखाओं व कक्षों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने निगम के लिए व्यवस्थित रिकार्ड रूम एवं योजनाओं की मानीटरिंग के लिए अत्याधुनिक कंट्रोल रूम के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए, साथ ही राजस्व की संग्रहण प्रणाली के मार्डनाईजेशन के भी निर्देश दिए।